# पांच स्थानों पर हुआ बहू-बेटी सम्मेलन



**बहू-बेटी सम्मेलन में मौजूद महिलाओं को जानकारी देती आरक्षी।** स्रोत-पुलिस

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत रविवार को विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने पांच स्थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया। एएसपी चंद्रकेश सिंह ने बताया कि सम्मेलन में 500 से अधिक महिलाएं, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गृहिणियां, विधवा व तलाकशुदा महिलाएं और किशोरियां शामिल हुईं। सभी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष आदि की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090 आदि की विस्तृत जानकारी भी दी गई। (संवाद)